# छापेमारी में 107 पैकेट नकली बोरोप्लस बरामद

Publish Date:Sat, 06 Jul 2019 05:43 PM (IST)

जागरण संवाददाता, जौनपुर: पुलिस व निजी क्षेत्र की खुफिया एजेंसी के जांच अधिकारी ने शुक्रवार की रात में शहर में तीन दुकानों पर संयुक्त छापेमारी कर 107 पैकेट डुप्लीकेट बोरोप्लस एंटीसेप्टिक क्रीम बरामद किया। दुकानदार मौका पाकर भाग निकले। जांच अधिकारी की तहरीर पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

बाजार में धड़ल्ले से नकली बोरोप्लस की बिक्री किए जाने की सूचना पर शहबाज आलम जांच अधिकारी आइपी इंवेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव प्रा.लि. मुंबई निवासी आजाद नगर, टीचर कॉलोनी मुरादाबाद कोतवाली आए। उन्होंने एसआइ राजू मल्ल व पुलिस जवानों को साथ लेकर नगर पालिका परिषद के पास, ओलंदगंज व मुफ्ती मोहल्ला में तीन दुकानों पर छापेमारी कर तलाशी ली। चेकिग के दौरान तीनों दुकानों से 107 पैकेट नकली बोरोप्लस के बरामद हुए। छापेमारी के दौरान तीनों दुकानदार फरार हो गए। जांच अधिकारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीनों दुकानदारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपितों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

Posted By: **Jagran**

Source: [https://www.jagran.com/uttar-pradesh/jaunpur-107-packets-of-fake-boreplus-recovered-in-shops-19375842.html](https://www.jagran.com/uttar-pradesh/jaunpur-107-packets-of-fake-boreplus-recovered-in-shops-19375842.html)